चिन्यालीसौड़ में वायुसेना का तीन दिवसीय अभ्यास शुरू

चर्चा में क्यों?

13 मार्च, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारत-चीन सीमा से लगे उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद के चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर वायुसेना का तीन दिवसीय अभ्यास शुरू हो गया।

प्रमुख बिंदु

- वायुसेना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले अभ्यास में यहाँ वायुसेना के मल्टीपरपज विमान एएन-32 की लैंडिंग और टेक-ऑफ का अभ्यास किया जाएगा। हालाँकि वायुसेना यहाँ पहले भी एएन-32 विमान की सफलतापूर्वक लैंडिंग और टेक-ऑफ करा चुकी है। यह इस साल का पहला अभ्यास है।
- गौरतलब है कि भारत-चीन सीमा से लगे उत्तरकाशी जनपद में चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डा सामरिक दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना इस हवाई अड्डे को अपना एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) बनाना चाहती है और समय-समय पर यहाँ अपने विमानों का अभ्यास करती है।
- उल्लेखनीय है कि वायुसेना के एएन-32 विमान का पूरा नाम एंटोनोव-32 है। इन्हें वायुसेना ने सोवियत यूनियन से खरीदा था। यह दो इंजन वाला सैन्य यातायात विमान है, जो 55 डिग्री सेल्सियस के तापमान में और 14500 फीट की ऊँचाई तक उड़ान भर सकता है, जिसमें पायलट, को-पायलट, गनर, नेविगेटर व इंजीनियर सहित 5 क्रू मेंबर और 50 लोग सवार हो सकते हैं। जीपीएस से लैस इस विमान में रडार और मॉडर्न नेवीगेशन सिस्टम भी होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/air-force-s-three-day-exercise-begins-in-chinyalisour